BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# ब्रैम्पटन के रीजनल काउंसलर पॉल विसेंट को ए.एम.ओ. के 2020-2022 का बोर्ड ऑफ डायरेक्टर चुना गया

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (18 अगस्त, 2020) – आज, ब्रैम्पटन के रीजनल काउंसलर, पॉल विसेंट को, 2020-2022 की बोर्ड टर्म के लिए, रीजनल एंड सिंगल टियर कौकस (Regional and Single Tier Caucus) के मेम्बर के तौर पर, एसोसिएशन ऑफ म्युनिसिपल्टीज ऑफ ओनटैरियो (ए.एम.ओ.) बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स (Association of Municipalities of Ontario (AMO) Board of Directors) में से एक के तौर पर चुना गया।

ए.एम.ओ. (AMO), पॉलिसी और प्रोग्राम संबंधी मुद्दों पर, ओनटैरियो की म्युनिसिपल्टीज के हितों का प्रतिनिधित्व करती है, जो प्रांतीय अधिकार क्षेत्र में आते हैं। ए.एम.ओ. के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में, ओनटैरियो की म्युनिसिपल्टीज के भिन्न समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाले, 29 चुने हुए म्युनिसिपल अफसर और संबंधित मेम्बर शामिल हैं।

ए.एम.ओ. के 2020 के कार्यनीति संबंधी लक्ष्य इन पर आधारित हैं: ओनटैरियो सरकार के साथ अग्रसक्रिय म्युनिसिपल प्रभाव; प्रभाव बनाने के लिए सेक्टरों के अंदर सहयोग; जानकारी, विश्लेषण, तथ्यों और महत्वपूर्ण संदेशों के साथ, मेम्बर हिमायत सहयोग प्रदान करना; और शिक्षा व प्रोग्राम प्रदान करना, जो म्युनिसिपल सरकारों को सहयोग करते हों।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, 17 से 19 अगस्त तक, ए.एम.ओ. 2020 वर्चुअल कान्फ्रेंस (AMO 2020 Virtual Conference) में हिस्सा ले रही है। यहां (here) और जानें।

**हवाले**

"काउंसलर विसेंट के द्वारा ए.एम.ओ. बोर्ड में, ब्रैम्पटन का सही प्रतिनिधित्व होगा। ओनटैरियो की म्युनिसिपल्टीज के लिए इकट्ठे काम करना और हिमायत संबंधी जिम्मेदारी को साझा करना आवश्यक है, क्योंकि हम ब्रैम्पटन को अधिक ग्रीन सिटी बनाने, हमारी वृद्धि को प्रबंधित करने और कोविड-19 के प्रभावों से आर्थिक बहाली के रास्ते पर आगे बढ़ते हुए, साझेदारी पर विचार कर रहे हैं। मज़बूत ब्रैम्पटन और पील रीजन के प्रति, काउंसलर विसेंट की प्रतिबद्धता, ए.एम.ओ. मेम्बर्स के लिए एक संपत्ति है।"

*- पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"मुझे ए.एम.ओ. बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में से एक तौर पर चुने जाने का सम्मान प्राप्त हुआ है। मैं, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन और पील रीजन की वृद्धि और प्रांतीय स्तर पर आर्थिक बहाली संबंधी प्राथमिकताएं पेश करने के लिए, मेयर ब्राउन, मेयर क्रोम्बी, मेयर थ्रोम्प्सन, चेयर इयानिका और हमारी काउंसिल्स के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्साहित हूं।"

*- पॉल विसेंट (Paul Vicente), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 |Monika.Duggal@brampton.ca